हकीकत — जलभराव, बिजली गुल और चौपाटी में मची अफरा-तफरी

# पहली ही बारिश में खुली नगर परिषद की पोल







डिंडौरी, नवभारत 30 जून। मानसून की पहली तेज बारिश ने मंगलवार को जिला मुख्यालय में नगर परिषद और बिजली विभाग की तैयारियों की हकीकत उजागर कर दी।

दोपहर लगभग 1 से 1:30 बजे के बीच हुई झमाझम बारिश ने पूरे शहर को पानी-पानी कर दिया। महज आधे घंटे की बारिश के बाद ही कई वार्डों में जलभराव की स्थिति बन गई और सोशल मीडिया पर जगह-जगह पानी से लबालब सड़कों, गलियों और मोहल्लों की तस्वीरें वायरल होने लगीं। बारिश के दौरान कई स्थानों पर नालियां जाम होने के कारण पानी घरों तक पहुंच गया, जबकि प्रमुख मार्गों पर डेढ़ से दो फीट तक पानी भरने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### जलभराव से आवाजाही हुई लगभग ठप

सबसे अधिक प्रभावित वार्ड क्रमांक 4 और 9 रहे, जहां स्थित रानी अवन्ति बाई चौक क्षेत्र में जलभराव ने लोगों की आवाजाही लगभग ठप कर दी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि पहली ही तेज बारिश में यह हाल है तो पूरे मानसून के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### बारिश शुरू होते ही गुल हुई बिजली

बारिश ने नगर परिषद के साथ-साथ बिजली विभाग की तैयारियों पर भी सवाल खड़े कर दिए। तेज बारिश शुरू होते ही शहर के अधिकांश वार्डों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई और लोग घंटों अंधेरे में रहने को मजबूर हुए। नागरिकों का कहना है कि हर वर्ष बारिश पूर्व मेंटेनेंस के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन पहली ही बारिश में बिजली व्यवस्था चरमरा जाना इन दावों की वास्तविकता बयां करता है।

### चौपाटी व्यवसायियों पर भी पड़ी मानसून की मार

बताया जाता है कि हाल ही में वार्ड क्रमांक 5 में स्थानांतरित की गई चौपाटी भी बारिश की मार से अछूती नहीं रही। अचानक हुई तेज बारिश के दौरान व्यवसायी अपनी दुकानों और खाद्य सामग्री को बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने और आसपास फैली गंदगी व चोक नालियों के कारण स्थिति और भी खराब हो गई।

### समय रहते नहीं हुए इंतजाम

मंगलवार की बारिश ने साफ संकेत दे दिए हैं कि नगर परिषद द्वारा मानसून से पहले नालियों की सफाई, जल निकासी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर अपेक्षित तैयारी नहीं की गई। इसका खामियाजा अब आम नागरिकों को जलभराव, आवागमन में बाधा और बिजली कटौती के रूप में भुगतना पड़ रहा है। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो आगामी दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।



## नारी शक्ति संवेदनशीलता का सशक्त स्वरूप है : शशि

**एसईसीएल जोहिला में नारी राग-रंग महोत्सव आयोजित**

नौरोजाबाद नवभारत 30 जून। नारी शक्ति, सृजनशीलता, आत्मविश्वास एवं संवेदनशीलता का सशक्त स्वरूप है। उसकी प्रतिभा को पहचान और मंच प्रदान करना ही इस महोत्सव का मूल उद्देश्य है।

श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्ष शशि दुहन एवं सभी उपाध्यक्षाओं के कुशल मार्गदर्शन में सर्वोदय महिला समिति, जोहिला क्षेत्र द्वारा सामुदायिक भवन, जी.एम. कॉम्प्लेक्स, नौरोजाबाद में 'नारी राग-रंग महोत्सव-2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक सुरेंद्र सिंह चौहान तथा विशिष्ट अतिथि सर्वोदय महिला समिति की अध्यक्षा संध्या सिंह चौहान एवं समिति की सदस्याओं द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिता की गई आयोजित

महोत्सव में स्वागत गीत के साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें एकल नृत्य, रंगोली, पेंटिंग, एकल एवं समूह गायन, मेहंदी, वेस्ट मैटेरियल से आर्ट एंड क्राफ्ट तथा स्किट प्रतियोगिताएँ प्रमुख रहीं। प्रतिभागियों ने उत्साह, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कार्यक्रम को अत्यंत आकर्षक एवं यादगार बना दिया।

### विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए

समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य प्रतिभागियों को उनके उत्साहवर्धन हेतु सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगदान देने वाले निर्णायकगण एवं स्वयंसेवकों को भी सम्मानित किया गया।

### ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को निखारते हैं : संध्या

इस अवसर पर अपने संबोधन में संध्या सिंह चौहान ने प्रतिभागियों की कला, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन महिलाओं की छिपी प्रतिभाओं को निखारने तथा उन्हें अपनी क्षमताओं के प्रदर्शन का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया।

## एक नजर में



### ग्रामीण बैंक के कैशियर ज्ञानचंद हुए सेवानिवृत्त

**चिल्हारी नवभारत।** मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, चिल्हारी शाखा के कैशियर ज्ञानचंद तोमर 40 वर्षों की गौरवपूर्ण, निष्कलंक एवं समर्पित बैंक सेवा पूर्ण करने के बाद सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त हो गए श्री तोमर एक चपरासी के पद से भर्ती होकर अपने कर्तव्य के बल पर कैसियर पर से सेवा निवृत हुए इस अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में बाजे गाजे के साथ बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राहकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। सेवानिवृत्ति समारोह में क्षेत्रीय प्रबंधक अभय तिवारी ने श्री तोमर को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए शील्ड एवं प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं। शाखा प्रबंधक धीरज सिंह शाखा प्रबन्धक ने उनके 40 वर्षों के समर्पित सेवाकाल की प्रशंसा की।



### सेवानिवृत्त भैयालाल तिवारी को दी बिदाई

**चिल्हारी नवभारत।** जनपद पंचायत मानपुर के अधीनस्थ कर्मचारी भैयालाल तिवारी के सेवा निवृत्त होने के अवसर पर मंगलवार को जनपद पंचायत मानपुर के सभागार में गरिमामय एवं भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उनके लंबे, समर्पित एवं अनुकरणीय सेवाकाल को याद करते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उनके कार्यों की सराहना की और उज्ज्वल एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मानपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकित सिरोठिया ने तिवारी के सेवाभाव, कर्तव्यनिष्ठा एवं सरल व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में पूरी ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी की सच्ची पहचान उसके कार्य और व्यवहार से होती है भैयालाल तिवारी ने अपने उत्कृष्ट कार्यों से सभी का सम्मान अर्जित किया है।

### वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज द्विवेदी पंचतत्व में विलीन

**चिल्हारी नवभारत।** मानपुर नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज द्विवेदी का लंबी बीमारी के बाद भोपाल में उपचार के दौरान दुखद निधन हो गया। उनके निधन से मानपुर नगर, अधिवक्ता समुदाय एवं शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त है। वे लगभग 55 वर्ष के थे। विधि के क्षेत्र में उनका अनुभव और कानून पर उनकी गहरी पकड़ उन्हें एक सम्मानित अधिवक्ता के रूप में स्थापित करती थी। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी, अधिवक्ता, परिजन एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। नम आंखों और भारी मन से सभी ने उन्हें अंतिम विदाई दी। पंचतत्व में विलीन होने से पूर्व उपस्थित जनसमूह ने पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।




### अमरपुर पुलिस ने निकाली साइबर सुरक्षा रैली

**अमरपुर नवभारत।** पुलिस अधीक्षक डिंडौरी के निर्देशन में पुलिस चौकी प्रभारी अमरपुर संतोष यादव के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक हरे सिंह सैयाम, सुदेश कोकड़िया, खेमराज गायग्वाल, आरक्षक संतोष धुर्वे, अजीत आदि ने जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों के सहयोग से साप्ताहिक हाट बाजार अमरपुर में रैली निकालकर आमजनों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में साइबर अपराध क्या हैं, इससे कैसे बचा जा सकता हैं, साइबर अपराध के शिकार हो जाने पर बगैर देरी किए सभी सबूत एकत्र करें, अपराध की सूचना साइबर सेल या नजदीकी पुलिस थाना, चौकी में बगैर संकोच सूचना दें, बैंक खाते से संबंधित हो तो बैंक खाते से निकासी में रोक लगाने में समय नहीं गंवाया जाए, अनजान व्यक्ति से अपने मोबाइल संबंधित ओटीपी आदि साझा नहीं करने सुझाव दिए गए।

## नौरोजाबाद में शुरू होगा संगीत केंद्र

**ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा मंच**

**नौरोजाबाद नवभारत 30 जून।** सेवा भारती नौरोज़ाबाद द्वारा ग्रामीण एवं बस्तियों के प्रतिभाशाली बच्चों को संगीत और सांस्कृतिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 'सेवा भारती संगीत केंद्र' शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

इस संबंध में वरिष्ठ बांसुरी वादक शिव प्रसाद के निवास पर बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगीत शिक्षा, प्रतिभा खोज, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। सीए विष्णु पाटीदार ने



कहा कि केंद्र के माध्यम से ग्रामीण बच्चों को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में शिव प्रसाद, श्याम पेंटर एवं लकी साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## शासकीय महाविद्यालय में प्राध्यापकों की कमी पर उठे सवाल

**कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी**

**चिल्हारी नवभारत 30 जून।** शासकीय महाविद्यालय भरेवा में प्राध्यापकों की कमी और अव्यवस्थित शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी इंदवार के अध्यक्ष गौरीशंकर मिश्रा ने राज्य शासन और प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि महाविद्यालय को संचालित हुए तीन शैक्षणिक सत्र पूरे हो चुके हैं, लेकिन आज भी पर्याप्त प्राध्यापकों की नियुक्ति नहीं होने से विद्यार्थियों का भविष्य




प्रभावित हो रहा है।

गौरीशंकर मिश्रा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि महाविद्यालय में सभी संकाय स्वीकृत होने के बावजूद प्राध्यापकों के अभाव के कारण छात्र-छात्राओं का प्रवेश लगातार घट रहा है। उनका कहना है कि क्षेत्र के विद्यार्थी महाविद्यालय में पढ़ना चाहते हैं, लेकिन शिक्षकों की कमी और अव्यवस्थित शैक्षणिक माहौल के कारण वे प्रवेश लेने से हिचक रहे हैं।

### प्रवेश प्रक्रिया के दौरान महाविद्यालय बंद रहा

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में महाविद्यालय में नियमित शिक्षण व्यवस्था लगभग ठप है और प्रवेश प्रक्रिया के दौरान भी अधिकांश समय महाविद्यालय बंद मिला। विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी व्यवस्था सुधारने के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। गौरीशंकर मिश्रा ने शासन और प्रशासन से महाविद्यालय में तत्काल पर्याप्त प्राध्यापकों की नियुक्ति कर नियमित शिक्षण व्यवस्था शुरू करने की मांग की है।

## पटवारी के तानाशाही रवैया से किसान परेशान

**चिल्हारी।** जिले के मानपुर तहसील के इंदवार राजस्व निरीक्षक मण्डल के अंतर्गत झलवार हल्का में इन दिनों पटवारी के तानाशाही रवैया से किसान परेशान हो रहे हैं। झलवार हल्का पटवारी निर्धारित मापदंड अनुसार यहां निवासरत नहीं हैं और न ही हल्का क्षेत्र में आते हैं। किसान भूमि की ई-केवायसी, भूमि परमार्जित करवाने लगातार परेशान हो रहे हैं, यदि हल्का पटवारी से कोई सम्पर्क करना चाहे तो वह फोन भी नहीं उठाते हैं। शासन के नियमों को दरकिनार करते हुए अपना तानाशाही रवैया अपनाये हुए है, जिससे किसान लगातार परेशान हो रहे है। क्षेत्रीय किसानों द्वारा बताया गया की हल्का पटवारी हम लोगों को लगातार परेशान कर रहे है। हमारा कोई काम नहीं हो रहा है। पटवारी न तो फोन उठाते हैं और न ही कोई बात सुनते हैं, जिससे हम परेशान होकर उमरिया जिले के कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारीके पास जाकर इनके खिलाफ कार्यवाही की मांग करेंगे।




## कबाड़ में पहुंची छात्रों को मिलने वाली साईकिल

**अमरपुर नवभारत।** शासन द्वारा स्कूली छात्रों को घर से स्कूल एवं स्कूल के घर आवागमन की सुविधा हेतु प्रत्येक वर्ष साईकिल वितरण की जाती हैं। शायद तकनीकी रूप से कमजोर होने के कारण छात्र उन साइकिलों का उपयोग मात्र एक सत्र करने के पश्चात कबाड़ियों के हवाले कर दिया जाता हैं।

साईकिल में कुछ खराबी आने पर मरम्मत कार्य आदि नहीं कराते और सीधे किलो के भाव में कबाड़ियों को दे दिया जाता हैं। हाल ही में अमरपुर मुख्यालय से गुजरते हुए एक कबाड़ी वाहन में स्कूल से मिलने वाली साइकिल लदी नजर आ रही थी। जिनकी स्थिति इतनी गंभीर नहीं होते हुए भी कबाड़ में बेचा गया। वैसे ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई मोटर पंप और सड़क किनारे लगे संकेतक बोर्ड भी कबाड़ में बेच दिए जाते हैं।

## मुख्य नपाधिकारी रीना राठौर निलंबित, दिनेश कुमार को मिला अतिरिक्त प्रभार

**शहपुरा नवभारत।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल के आदेशानुसार नगर परिषद शहपुरा में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीना राठौर को पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। नगर परिषद शहपुरा में मुख्य नगर पालिका अधिकारी का पद रिक्त होने से कार्यालयीन कार्यों के सुचारू संचालन एवं प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नियमित मुख्य नगर पालिका अधिकारी की पदस्थापना होने तक दिनेश कुमार घानेश्वर, राजस्व उप निरीक्षक, नगर परिषद कंटगी, जिला बालाघाट को नगर परिषद शहपुरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के कार्य संपादन का दायित्व सौंपा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।



## सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्ण कुमार अग्रवाल को दी विदाई

**शहपुरा नवभारत।** एकीकृत माध्यमिक शाला रनगांव में पदस्थ शिक्षक कृष्ण कुमार अग्रवाल 42 वर्षों की उत्कृष्ट शासकीय सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शाला परिवार, परिजनों, मित्रों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्ति समारोह में मंडला-डिंडोरी के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते भी पहुंचे और कृष्ण कुमार अग्रवाल को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक अजय साहू, तीरथ साहू, दिलीप रजक, हरकिशन तेजवानी, गोविन्द प्रसाद दुबे, राजेश कछवाहा, चित्रेश सेन, मंगलिया वरकड़े, लाजवंती जीबनानी, अमर उलाड़ी सहित शाला परिवार, परिजन, मित्रगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षक अश्वनी साहू ने किया।




## करंजिया में नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

**विभिन्न ग्रामों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**डिंडौरी, नवभारत 30 जून।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस एवं नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत करंजिया जनपद के विभिन्न ग्रामों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में नशा मुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, किशोर-किशोरियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, समाज और आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

### नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने की अपील

कार्यक्रम में नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प दोहराया। साथ ही युवाओं से शिक्षा, खेलकूद एवं सकारात्मक गतिविधियों से जुड़कर नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने की अपील की गई।

सम्मेलन — मुख्यमंत्री की पहल से दूर हुई बेटे-बेटियों के विवाह की चिंता

## कन्या विवाह योजना : 164 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे

**चिल्हारी नवभारत 30 जून।** आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानजनक और सुगम बनाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत जिले मे सोमवार को मानपुर और करकेली जनपद पंचायतों मे सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए गए। दोनों आयोजनों में कुल 164 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। विवाह की सभी रस्में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुई, जबकि नवदंपतियों को गृहस्थ जीवन की शुरुआत के लिए शासन की ओर से आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई।

**परिवारों के लिये बड़ी राहत**-मानपुर जनपद पंचायत मे आयोजित सम्मेलन मे 78 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इसके तहत बेटियों का विवाह पारिवारिक वातावरण मे सम्मानपूर्वक कराया जा रहा है,



साथ ही प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को 49 हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि एक विवाह पर प्रदेश सरकार 55 हजार रुपये व्यय कर रही है, जिससे नवदंपतियों को नए जीवन की शुरुआत करने मे सहयोग मिल रहा है।

**सहायता राशि के चेक वितरित किए गए**-इस अवसर पर नवविवाहित जोड़ों को सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम मे जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता सिंह, नगर परिषद मानपुर अध्यक्ष भारती सोनी, पार्षद, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**सरकार की कल्याणकारी पहल : शिवनारायण**-करकेली जनपद पंचायत में आयोजित सम्मेलन मे 86 जोड़ों ने सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना प्रदेश सरकार की ऐसी जनकल्याणकारी पहल है, जिसने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह को सरल और सम्मानजनक बनाया है।

**प्रशासन ने बारात का आत्मीय स्वागत किया**-दोनों स्थानों पर जिला प्रशासन ने दूल्हों की बारात का आत्मीय स्वागत किया। बारात मे मानपुर विधायक मीना सिंह और बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह भी शामिल हुए तथा नवविवाहित जोड़ों को शुभाशीष देकर सफल दांपत्य जीवन की कामना की। पूरे आयोजन मे उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।